# सूचना क्र० - 03

आई० क्यू० ए० सी० के समस्त सम्माननीय सदस्यों को सूचित किया जाता है, कि दिनांक 30.01.2024 को दोपहर 12 बजे से शिक्षण सत्र 2023-24 की आई० क्यू० ए० सी० की तृतीय बैठक आयोजित की गई है। कृपया सभी बैठक में उपस्थित होना सुनिश्चित करें। सूचना के साथ बैठक का एजेन्डा भी प्रेषित किया जा रहा है।

प्रस्तावित तिथि पर बैठक का एजेन्डा इस प्रकार से है।

(01.) महाविद्यालय में दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार के आयोजन के संबंध में, रूपरेखा चर्चा बाबत्।

(02.) महाविद्यालय में एक दिवसीय कार्यशाला जो कि आई० पी० आर (बौद्धिक संपदा अधिकार) विषय पर प्रस्तावित है, उसके संबंध में चर्चा बाबत्।

(03.) राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर की सफलता पर विश्लेषणात्मक चर्चा बाबत्।

(04.) वर्तमान शिक्षण सत्र में 2023-24 में स्नातक की कक्षाओं के लिए प्री० फाईनल परीक्षा आयोजित करने विषयक चर्चा बाबत्,

(05.) वर्तमान शिक्षण सत्र में अब तक आयोजित हुए समस्त बौद्धिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का विश्लेषणात्मक मूल्यांकन करना, एवं शेष सत्र में



आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विचार विमर्श करना।

(06.) महाविद्यालयीन पुस्तकालय में उपलब्ध किताबों के वर्तमान संख्या की गुणवत्ता एवं पर्याप्तता संबंधी विश्लेषणात्मक चर्चा बाबत्।

(07.) छात्राओं द्वारा की जा रही वाल पेंटीग (दिवार चित्रकारी) के प्रगति के संबंध में विश्लेषणात्मक चर्चा बाबत्।

(08.) 'स्वीप' के अन्तर्गत महाविद्यालय द्वारा जिला स्तर पर उत्कृष्ट कार्यों की विश्लेषणात्मक चर्चा बाबत्

(09.) महाविद्यालय के आधारभूत अधोसंरचना के विकास हेतु किये जा रहे कार्यों की समीक्षात्मक मूल्यांकन करना एवं आवश्यकताओं की पूर्ती हेतु अन्य उपायों पर विचार करना।

(10.) महाविद्यालय के सर्वांगिण विकास एवं अध्ययनरत छात्राओं के सर्वांगिण विकास हेतु अन्य नीति निर्धारण किए जाने बाबत् सबके व्यक्तिगत विचारों से अवगत होना।

(11.) वर्तमान आई० क्यू० ए० सी० के दो वर्ष पूर्ण होने पर इसके पुनर्गठन पर चर्चा करना।

[signature] 24.01.24
समन्वयक (आई० क्यू० ए० सी०)
COORDINATOR I.Q.A.C. Govt. Naveen Girls College

[signature] 24/1/2024
प्राचार्य
PRINCIPAL
Govt.Naveen Girls College
Baikunthpur, Korea (C.G.)

सदस्यगण व विशेष आमंत्रित

(i) श्रीमती कनकलता पैकरा - [signature]
(ii) श्री बिक्की राम - [signature]
(iii) श्रीमती अलका दुबे - [signature]
(iv) श्री के. जेड. उस्मानी - [signature]
(v) कु० सुदर्शना नायक - सुदर्शना
(vi) श्री गिरीशचन्द्र राजपूत - [signature]
(vii) श्री विनय मोहन भट्ट - [signature]
(viii) सुश्री कौशर बानो - [signature]
(ix) कु० अदिति गुप्ता - [signature]
(x) श्री वरूण कुशवाहा - [signature]
(xi) श्रीमती [illegible]

## बैठक क्र० - 3

आज दिनांक 30-01-2024 को शिक्षण सत्र 2023-24 की आई० क्यू० ए० सी० की तृतीय बैठक पूर्व निर्धारित समयानुसार महाविद्यालय के बैठक कक्ष में आयोजित एवं संपन्न हुई।

बैठक का सूक्ष्म प्रतिवेदन निम्नानुसार है।

सर्वप्रथम आई० क्यू० ए० सी० समन्वयक डॉ सुमित कुमार डे द्वारा सूक्ष्म प्रतिवेदन एवं स्वागत उद्बोधन दिया गया। इसके पश्चात् पूर्व निर्धारित एजेन्डे पर विचार मंथन हुआ।

(01.) सर्वप्रथम महाविद्यालय में दो-दिवसीय राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी के आयोजनार्थ संपूर्ण रूप-रेखा पर चर्चा आयोजित हुई। आई० क्यू० ए० सी० समन्वयक द्वारा आई० क्यू० ए० सी० के तत्वाधान में "NEP: 2020 : Possibilities and Prospects" विषय पर संगोष्ठी आयोजित करने का प्रस्ताव रखा गया जिसे सर्वसम्मती से स्वीकृति प्रदान कर दी गई, एवं सभी के परामर्श के उपरान्त यह तय हुआ कि उक्त विषय पर राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का आयोजन फरवरी 2024 के अंतिम सप्ताह में किया जाएगा। इसके लिए तदर्थ रूप से दिनांक 28 एवं 29 फरवरी का चयन किया गया। प्राचार्य द्वारा इस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

(02.) एक दिवसीय कार्यशाला जिसका विषय बौद्धिक संपदा अधिकार (IPR) है, का आयोजन मई माह के तृतीय सप्ताह में किया जाना तय हुआ है।



इस संबंध में सबकी परामर्श प्राप्त होने के उपरान्त इसे सर्वसम्मती से स्वीकृति प्रदान कर दी गई। उक्त कार्यशाला मुख्य रूप से स्नातकोत्तर के छात्राओं हेतु आयोजित किया जाएगा ऐसा बैठक में तय हुआ।

(03.) राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर जो दिनांक 17/01/24 से दिनांक 23/01/24 तक ग्राम में आयोजित किया गया था उसके पूर्णतः सफल संचालन पर सभी के द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी एवं प्राचार्य डॉ आर. एन. कश्यप को बधाई दिया गया और आगामी गतिविधियों के सफल संचालन के लिए शुभकामनाये प्रदान की गई।

(04.) वर्तमान शिक्षण सत्र 2023-24 के लिए प्री-फाईनल की परीक्षाओं को आयोजित करने पर विचार-विमर्श हुआ एवं सबकी सहमति से यह निर्णय लिया गया कि इस वर्ष भी प्री-फाईनल की परीक्षाऐं स्नातक स्तर पर आयोजित की जाएगी। इसके लिए यह तय हुआ कि यह परिक्षायें मार्च माह के द्वितीय सप्ताह में आयोजित की जाएगी। इसके लिए तदर्थ रूप से दिनांक 06.03.24 से दिनांक 13.03.24 तक परिक्षाओं को आयोजित करने पर सहमती बनी।

(05.) महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2023-24 में आज तक जो बौद्धिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गए हैं, उनकी विस्तार पूर्वक जानकारी आई० क्यू० ए० सी० समन्वयक एवं प्राचार्य द्वारा प्रस्तुत की गई

कार्यक्रमो के सफल संचालन एवं सफलता पर सभी ने संतोष व्यक्त किया, एवं आगामी मुख्य दो सांस्कृतिक कार्यक्रम क्रमशः वार्षिकोत्सव एवं प्रमाणपत्र वितरण कार्यक्रम तथा विदाई एवं सम्मान समारोह के आयोजन तिथि को लेकर चर्चा संपन्न हुई, इसके लिए सर्वसम्मति से दिनाँक को वार्षिकोत्सव कार्यक्रम एवं दिनाँक को विदाई एवं सम्मान समारोह के आयोजन पर सहमति बनी,

(06) महाविद्यालय के पुस्तकालय प्रभारी एवं आई० क्यू० ए० सी० के सदस्य श्री वरूण कुशवाहा जी ने महाविद्यालय की पुस्तकालय में उपलब्ध पुस्तको की कक्षावार संख्यात्मक जानकारी प्रस्तुत किया, उन्होंने बताया कि स्नातकोत्तर की कक्षाओ में समाजशास्त्र विषय में चारो सेमेस्टर की पुस्तके पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है, एवं शेष पाँचो विषयो की स्नातकोत्तर की कक्षाओ के लिए द्वितीय सेमेस्टर तक की पुस्तको को उपलब्ध करा लिया गया है, एवं आगामी शिक्षण सत्र में चारो सेमेस्टर की पुस्तको की उपलब्धता पुस्तकालय में हो इस हेतु पुरज़ोर प्रयास किया जाएगा,

(07) छात्राओ द्वारा दिवारो पर जो चित्रकारी की जा रही है, उसके संबंध में प्रभारी श्रीमती दीपशिखा शर्मा ने बताया कि वर्तमान में दो स्थानो पर महाविद्यालय की छात्राओ द्वारा चित्रकारी का



कार्य किया जा रहा है, प्रथम महाविद्यालय के मुख्य बौद्धिक- सांस्कृतिक मंच के पृष्ठ पर एवं द्वितीय प्राणीशाला के अजायबघर (म्यूजियम) में, एवं उन्होने जानकारी दिया कि कार्य चरम रूप से प्रगति पर है एवं दिनाँक 15.02.2024 तक कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा, सभा के प्रत्येक सदस्य ने कार्य एवं समय सीमा पर अपनी संतुष्टी दर्शाया,

(08) राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी 2024 को महाविद्यालय के 'स्वीप' के प्रोफेसर नोडल अधिकारी डॉ सुमित कुमार डे को जिला स्तरीय एक गरिमामई कार्यक्रम में जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला कोरिया कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह जी के द्वारा 'स्वीप' के अन्तर्गत उत्कृष्ट कार्य करने हेतु जिले के सर्वश्रेष्ठ प्रोफेसर नोडल अधिकारी के रूप में प्रमाण पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया गया है यह जानकारी प्राचार्य के द्वारा सभा में प्रदान की गई, महाविद्यालय की इस उपलब्धि में पूरा महाविद्यालय परिवार हर्षित एवं गौरवान्वित है, सभा के प्रत्येक सदस्य द्वारा डॉ सुमित कुमार डे को बधाई दिया गया, डॉ सुमित कुमार डे ने भी सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया एवं 'स्वीप' के अन्तर्गत महाविद्यालय में आगे भी लगातार उत्कृष्ट कार्य करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया,

(09) महाविद्यालय के आधारभूत अधोसंरचना के विकास

के अन्तर्गत प्राचार्य द्वारा जानकारी प्रदान की गई कि शीघ्र ही महाविद्यालय की बाहरी दिवार पर रंग-रोगन किया जाएगा, एवं महाविद्यालय की आवश्यकतानुसार एक सोफा सेट कुर्सी का क्रय किया जाएगा, उन्होंने संभावना जताई की फरवरी 2024 के अंतिम सप्ताह तक उक्त कार्यों को पूर्ण कर लिया जाएगा, सभा के प्रत्येक सदस्य ने इस पर अपना संतोष व्यक्त किया,

(10.) महाविद्यालय के सर्वांगिण विकास हेतु सभी ने बारी-बारी अपने विचार रखे एवं महाविद्यालय के वर्तमान प्रगति से संतोष व्यक्त किया,

(11.) आई० क्यू० ए० सी० के पुनर्गठन पर चर्चा संपन्न हुई, चूंकि दिनांक 31.01.24 को इसके गठन के दो वर्ष पूर्ण हो चुके है अतः इसके पुनर्गठन की आवश्यकता है, सभी ने सर्वसम्मति से स्थानीय सामाजिक प्रतिनिधि श्रेणी के अन्तर्गत श्रीमती सौभाग्यवती सिंह कुसरो, अध्यक्ष जनपद पंचायत, बैकुन्ठपुर को आई० क्यू० ए० सी के नए सदस्य के रूप में शामिल किये जाने को अपनी सहमति प्रदान किया, इसके लिए प्राचार्य डॉ० आर० एन० कच्छप ने प्रस्ताव रखा एवं श्री विनय मोहन भट्ट जी ने इसका अनुमोदन किया,

सभा के अंत में आई० क्यू० ए० सी० समन्वयक डॉ सुमित कुमार डे ने सभा में उपस्थित प्रत्येक सदस्यों का एवं विशेष आमंत्रित शिक्षकों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार व्यक्त किया,

(signature) 30.01.24
समन्वयक आई० क्यू० ए० सी०
डॉ सुमित कुमार डे
CO-ORDINATOR
I.Q.A.C.
Govt. Naveen Girls Collage
Baikunthpur, Korea (C.G.)

(signature) 30/1/2024
प्राचार्य
PRINCIPAL
Govt. Naveen Girls College
Baikunthpur, Korea (C.G.)

सदस्यगण एवं विशेष आमंत्रित

(i) श्रीमती कनकलता पैकरा — (signature)
(ii) श्री विक्की राम — (signature)
(iii) श्रीमती अलका दुबे — (signature)
(iv) श्री के. जेड. उस्मानी — (signature)
(v) कु० सुदर्शना नायक — (signature)
(vi) श्री गिरीशचन्द्र राजपूत — (signature)
(vii) श्री विनय मोहन भट्ट — (signature)
(viii) सुश्री कौशर बानो
(ix) कु० अदिती गुप्ता — (signature)
(x) श्री वरूण कुशवाहा — (signature)
(xi) श्रीमती आशा महेश साहू
(xii) श्रीमती दीपशिखा शर्मा — (signature)